**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 दिन सोमवार को सम्पन्न 10वीं बैठक का कार्यवृत्त :**

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 मनीष गौर, निदेशक, सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, ए0के0टी0यू0 लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 राजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 बन्दना निगम, सह अधिष्ठाता, प्रतिनिधि–अधिष्ठाता स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, फूड टेक0 विभाग (ओ0बी0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | डा0 ए0के0 संखवार, एसो0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग (एस0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | श्री जमील अहमद, असि0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग, (अल्पसंख्यक नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, सह अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 17. | डा0 विवेक कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 18. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

प्रवेश समिति के अध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

**बिन्दु सं0:10.01 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 16.05.2018 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

समिति ने विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 16.05.2018 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:10.02 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 16.05.2018 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 16.05.2018 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण को संज्ञान में लिया।

**बिन्दु सं0:10.03 प्रवेश समिति के संज्ञानार्थ शैक्षिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों (बी0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0) में प्रवेश की स्थिति का विवरण।**

समिति ने शैक्षिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों (बी0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0) में प्रवेश की स्थिति के सम्बन्ध में प्रस्तुत ब्यौरे का अवलोकन किया।

**बिन्दु सं0:10.04 शैक्षिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से समय समय पर लिये गये निर्णयों का ब्यौरा प्रवेश समिति के संज्ञानार्थ।**

समिति ने शैक्षिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से समय समय पर लिये गये निर्णयों का संज्ञान लिया।

**बिन्दु सं0:10.05 विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय में बी0टेक0 की 13 विधाओं में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित मापदण्डों एवं उ0प्र0 शासन के आरक्षण नीति के अनुसार प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु जे0ई0ई0 (मेन) 2019 की मेरिट के आधार पर तथा बी0टेक0 आर्डिनेन्स के अन्तर्गत पूर्व की भांति एन0आई0सी0 के साथ अनुबन्ध कर ऑनलाइन काउन्सिलिंग कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

समिति ने विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की दिनांक 29.12.2018 को सम्पन्न तृतीय बैठक के बिन्दु सं0 3.09 में लिये गये निर्णयानुसार बी0टेक0 पाठ्यक्रम की विभिन्न विधाओं हेतु अभातशिप से स्वीकृत प्रवेश क्षमता के सापेक्ष अखिल भारतीय आधार पर 20 प्रतिशत सुपर न्यूमरेरी सीटों पर शासन से अनुदेश प्राप्त होने की स्थिति में प्रवेश दिये जाने के निर्देश दिये। समिति ने कार्य परिषद के बिन्दु सं0 3.10.3 में लिये गये निर्णयानुसार विभिन्न विधाओं के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में 20 प्रतिशत क्षैतिज प्रवेश (Lateral Entry) की

लखनऊ द्वारा करायी जा रही प्रवेश परीक्षा से सीटों को भरने हेतु शासन से समुचित निर्णय प्राप्त कर तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

**बिन्दु सं0:10.06 विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 में एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय में पूर्व की भांति National Institute of Technology Master of Computer Applications Common Entrance Test (NIMCET-2019) की मेरिट के आधार पर उ0प्र0 शासन के आरक्षण नियमों के अनुसार ऑनलाइन काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया। उ0प्र0 के निवासी (डोमिसाइल) अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र होगें। प्रवेश हेतु अर्हता पूर्व की भांति ही रहेगी। प्रवेश हेतु समय–सारणी निमसेट आयोजकों से वार्ता कर नियत की जायेगी।

**बिन्दु सं0:10.07 विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 में एम0टेक0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय में पूर्व की भांति एम0टेक0 (पूर्णकालिक) GATE Score की मेरिट के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने तथा पर्याप्त मात्रा में GATE Score अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने पर लिखित परीक्षा के माध्यम से बची सीटें भरे जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया, जिसमें उ0प्र0 शासन की आरक्षण नियमों के अनुसार यू0पी0 निवासी (डोमिसाइल) छात्रों की ही पात्रता होगी।

समिति ने एम0टेक0 (अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर विश्वविद्यालय स्तर पर लिखित परीक्षा की मेरिट से प्रवेश दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया। प्रवेश हेतु अर्हता आर्डिनेन्स के अनुसार होगी।

**बिन्दु सं0:10.08 विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 में पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर यू0जी0सी0 मानकों के अन्तर्गत लिखित परीक्षा (70 प्रतिशत गुरूता) तथा साक्षात्कार (30 प्रतिशत गुरूता) के आधार पर मेरिट तैयार कर प्रवेश अनुमन्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। CSIR / UGC नेट क्वालीफाइड अभ्यर्थी जो CSIR / UGC की छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हों, को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने के उपरान्त शेष बची सीटों पर लिखित परीक्षा की मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

उ0प्र0 शासन की आरक्षण नियमों के अनुसार यू0पी0 डोमिसाइल छात्रों की ही पात्रता होगी। प्रवेश हेतु अर्हता आर्डिनेन्स के अनुसार होगी।

**बिन्दु सं0:10.09 विश्वविद्यालय के सत्र 2019–20 में प्रवेश हेतु समन्वय समिति के गठन पर विचार।**

समिति ने सत्र 2019–20 में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्रवेश समन्वय समिति के गठन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | समन्वयक |
| 2. | डा0 राम औतार, प्रोफेसर, गणित विभाग | सह–समन्वयक |
| 3. | डा0 विनय प्रताप सिंह, मैकेनिक इंजी0 विभाग | सदस्य |
| 4. | डा0 प्रभात वर्मा, असि0 प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 | सदस्य |
| 5. | डा0 विवेक कुमार, असि0 प्रोफेसर, फूड टेक0 | सदस्य |
| 6. | डा0 पी0के0एस0 यादव, असि0 प्रोफेसर, आयल टेक0 | सदस्य |
| 7. | डा0 ललित कुमार, असि0 प्रोफेसर, बायोकेमिकल | सदस्य |
| 8. | आन्तरिक सम्परीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर | सदस्य |

**बिन्दु सं0:10.10 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 में प्रस्तावित 10 प्रतिशत सवर्ण आरक्षण के प्रावधानों के तहत प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने उक्त मद पर विचार करते समय सर्वप्रथम यह मत प्रकट किया कि 'सवर्ण आरक्षण' शब्द के स्थान पर 'आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण' कहा जाय और इस सम्बन्ध में शासन से विस्तृत दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त ही तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**बिन्दु सं0:10.11 प्रवेश/पंजीयन के उपरान्त प्रवेश निरस्त कराने पर फीस वापसी के प्रकरणों पर निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में विचार।**

समिति ने फीस वापसी सम्बन्धी प्रस्ताव पर यह निर्णय किया कि उ0प्र0 शासन के शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शिक्षण शुल्क (Tution Fees) को रोक कर शेष धनराशि (User Charges) सम्बन्धितों को वापस कर दी जाय। प्रवेश समन्वयक समिति को प्रवेश समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व समग्रता में सुस्पष्ट नीति निर्धारण करते हुये प्रवेशकों हेतु एवं किसी विधिक कठिनाई के परिपेक्ष्य में शासकीय व्यवस्थान्तर्गत प्रवेश सूचना पुस्तिका का मुद्रण ऑनलाइन/ऑफलाइन किया जाय जो विश्वविद्यालय/प्रवेश सम्बन्धी बेवसाइट पर प्रदर्शित हो।

**बिन्दु सं0:10.12 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

1. विश्वविद्यालय में चल रहे एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों के प्रवेश में विकलांग कोटे के तहत नियमानुसार आरक्षण को लागू किया जाय।
2. प्रवेश हेतु Admission Information Brochure को मुख्य अभिलेख मानते हुये इसमें उल्लिखित प्राविधानों पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(प्रो0 आनन्द कुमार) (प्रो0 [illegible] सिंह)